
**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# इरेडा के सीएमडी ने राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन में राजस्थान की अक्षय ऊर्जा क्षमता के बारे में प्रकाश डाला




जयपुर, 10 दिसंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने जयपुर में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 के दौरान भारत की अक्षय ऊर्जा संभावनाओं पर अपने विचार साझा किया । जर्मनी द्वारा आयोजित "नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत-जर्मन सहयोग: वर्तमान पहल और भविष्य के अवसर" पर सत्र में बोलते हुए, श्री दास ने भारत के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और इस क्षेत्र में जर्मनी के लिए अपार निवेश अवसरों को रेखांकित किया।

राजस्थान की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, श्री दास ने कहा कि राज्य ने अक्टूबर 2024 तक 46.6 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता हासिल कर ली है। इसमें से 31.8 गीगावाट अक्षय ऊर्जा स्रोतों से आता है, जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 24.6 गीगावाट है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर 2024 तक राजस्थान के लिए इरेडा का ऋण पोर्टफोलियो लगभग 8,600 करोड़ रुपये था, जोकि इसकी कुल ऋण बुक का 13.30% है। यह अक्षय ऊर्जा विकास में राजस्थान की विशाल क्षमता और भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्यों में इसके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करता है।




श्री दास ने एक सतत भविष्य के निर्माण में भारत-जर्मनी सहयोग के महत्व को रेखांकित किया और साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विशिष्ट उपायों का प्रस्ताव दिया। इनमें भारत में वैश्विक रूप से एकीकृत और विविध अक्षय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देना, किफायती वित्तपोषण तक पहुँच में सुधार करना, प्रौद्योगिकी और नवाचार को आगे बढ़ाना, अक्षय ऊर्जा पारिस्थितिकी प्रणाली को मजबूत करना और इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना शामिल है।




उन्होंने राजस्थान की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा का समर्थन करने और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए जर्मनी के साथ रणनीतिक अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी बनाने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता दोहराई।